तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार, 3 अप्रैल 2024

10 आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी नगूरां में स्टाफ की कमी, मरीज परेशान



10 छात्रों को पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित किया






## खबर संक्षेप

### रेलगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

**जींद।** दिल्ली-बठिंडा रेलमार्ग पर हांसी रोड फाटक के पास ओवरब्रिज के नीचे अज्ञात युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। मृतक का चेहरा बिल्कुल क्षत-विक्षत हो गया है, जिससे उसको पहचान पाना बेहद मुश्किल है।

### लोकसभा तैयारियों को लेकर बैठक आज

**कैथल।** उपजिला निर्वाचन अधिकारी एवं सीटीएम गुरविंद्र सिंह ने बताया कि आगामी लोकसभा तैयारियों को लेकर लघु सचिवालय के सभागार में 3 अप्रैल को दोपहर बाद 3 बजे बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार करेंगे। सभी संबंधित अधिकारी बैठक में पहुंचना सुनिश्चित करेंगे।

### 140 ग्राम चरस सहित एक नशा तस्कर काबू

**जींद।** सीआईए सफीदों पुलिस ने गांव खेडाखेमावती से एक नशा तस्कर को 140 ग्राम चरस सहित काबू किया है। पुलिस ने पकड़े गए नशा तस्कर के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान गांव खेड़ा खेमावती निवासी रणबीर उर्फ भीरी के रूप में हुई है।

### प्रताड़ित करने के आरोप में पति गिरफ्तार

**कैथल।** थाना राजौंद क्षेत्र के एक गांव की बेटी के साथ दहेज के लिए मारपीट कर उसे प्रताड़ित करने के आरोप में महिला थाना पुलिस की एचसी रेनु द्वारा पीड़िता के पति गुप्ता कालोनी जिला जींद निवासी आशीष को गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़िता द्वारा पुलिस को दी शिकायत अनुसार पीड़िता की शादी 12 दिसंबर 2020 को आशीष उपरोक्त के साथ हुई थी।

### काम पर निकला व्यक्ति नही लौटा, मामला दर्ज

**जींद।** गांव हैबतपुर से व्यक्ति के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव हैबतपुर निवासी नीरू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसका पति रमेश घर से काम पर निकला था। जिसके बाद वह घर वापस नही लौटा।

### फोन छीनने के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** छीनाझपटी की वारदातों को अंजाम देने वालो अपराधियों पर एसपी उपासना के निर्देशानुसार शिकंजा कसते थाना शहर पुलिस के एसआई बिजेंद्र सिंह की टीम द्वारा करतेआरोपी सीवन गेट कैथल निवासी कमल को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि डागर पट्टी निवासी रणबीर की शिकायत अनुसार 1 अगस्त को वह करियाणा स्टोर की दुकान बंद करके पैदल पैदल घर जा रहा था।

### रंजिशन हमला करने पर चार के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** गांव धरौदी में रंजिश के चलते हमला कर महिला को घायल करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव धरौदी निवासी बीरो ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

## सीएम फ्लाइंग ने जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रार कार्यालय का किया निरीक्षण

# जांच पर राइट टू सर्विस की उल्लंघना के 19 मामले मिले

पिछले छह माह में कार्यालय को 27965 मिले आवेदन, 2064 के आवेदन मिले प्रोसेस में, 19 आवेदन लंबे समय से अटके

### कर्मियों ने पेंडिग आवेदनों का ठीकरा पोर्टल के सिर फोडा



जींद। जांच करते टीम सदस्य। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीएम फ्लाइंग ने मंगलवार को नागरिक अस्पताल के जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रार कार्यालय का औचक निरीक्षण किया और रिकार्ड को जांचा। जिसमें 19 केस राइट टू सर्विस अवधि के बाहर मिले। निरीक्षण के दौरान कार्यालय के सभी सात कर्मी उपस्थित पाए गए। सीएम फ्लाइंग ने 19 केस के राइट टू सर्विस अवधि से बाहर होने की रिपोर्ट बना कर मुख्यालय को भेज दी है। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि नागरिक अस्पताल के जन्म मृत्यु रजिस्ट्रार कार्यालय के कर्मी दोपहर बाद अपनी सीटों पर नही मिलते हैं। जिसके कारण जन्म तथा मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पडा है। मंगलवार दोपहर बाद सीएम फ्लाइंग के डीएसपी राजदीप के नेतृत्व में सब इंस्पेक्टर पवन कुमार, भगवान सिंह, खुशीराम ने नागरिक अस्पताल के रजिस्ट्रार जन्म मृत्यु कार्यालय में दस्तक दी। कार्यालय के सभी सात कर्मी अपनी सीटों पर कार्य करते पाए गए। हाजिरी रजिस्टर भी दुरूस्त पाया गया। टीम ने जन्म-मृत्यु के रिकार्ड को खंगालना शुरू किया तो सामने आया कि पिछले छह माह के दौरान पोर्टल पर 27,965 आवेदन किए गए थे। जिसमें 2064 अंडर प्रोसेस में पाए गए। जबकि 19 ऐसे केस मिले जिनकी राइट टू सर्विस के तहत जो समय अवधि दी गई है। वह काफी दिन पहले पूरी ही हो चुकी थी। जिसके बाद भी जन्म तथा मृत्यु प्रमाण पत्र नही बने। पूछताछ करने पर कर्मियों ने बताया कि पोर्टल पर टैक्निकल दिक्कत के कारण पेंडिंग प्रमाण पत्र नही बन पाए हैं। सीएम फ्लाइंग ने पैंडिंग प्रमाण पत्रों की रिपोर्ट बना कर मुख्यालय को भेज दी है।

### रिपोर्ट मुख्यालय भेजी

सीएम फ्लाइंग के डीएसपी राजदीप ने बताया कि नागरिक अस्पताल में जन्म-मृत्यु प्रमाण रजिस्ट्रार कार्यालय का औचक निरीक्षण किया था। 19 केस राइट टू सर्विस की अवधि को पार कर चुके थे। जिसकी रिपोर्ट बना कर मुख्यालय को भेज दी गई है।



## राजौंद में सरसों की खरीद शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



अनाज मंडी में सरसों की खरीद करते हैफेड खरीद एजेंसी व मंडी का स्टाफ ।

राजौंद अनाज मंडी में सरसों की खरीद का कार्य मंगलवार को शुरू किया गया। मंगलवार को 64 क्विंटल सरसों पहुंची और सारी सरसों की खरीद कर ली गई। पहले दिन खरीद एजेंसी हैफेड द्वारा की गई। हैफेड खरीद एजेंसी प्रबंधक पिंकी ने बताया कि राजौंद अनाज मंडी में सरसों की खरीद का केंद्र बनाया गया है और मंगलवार को पहले दिन यहां सरसों की फसल आई है। इसमें 64 किवंटल सरसों आई है और सारी ही खरीद ली गई है। उन्होंने बताया कि सरकारी रेट 5650 रुपये प्रति क्विंटल की खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि इसमें 8 प्रतिशत मोचर तक ही सरसों की खरीद की जाएगी और 25 किवंटल तक ही प्रतिदिन खरीद होगी। उन्होंने किसानों से आवाह्नान किया है कि वह सरसों की फसल को सुखाकर लाएं ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी खरीद के समय न आए। राजौंद मार्केट कमेटी सचिव ओम प्रकाश ने बताया कि खरीद की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं 1अप्रैल से गेहूं की खरीद का कार्य शुरू हो चुका है। लेकिन अभी गेहूं की फसल का कार्य लेट होने के कारण अभी 10 दिन तक शायद गेहूं मंडी में नहीं आ पाएगी।

फिर भी मंडी में सभी खरीद तैयारीयां पूरी कर ली गई हैं। इस दौरान मंडी एसोसिएशन के प्रधान महीपाल राणा, भीम शर्मा सहित कई किसान व मंडी का स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



कैथल। नारेबाजी करते आढ़ती। फोटो :हरिभूमि

### मांगों को लेकर आढ़तियों का विरोध प्रदर्शन

**कैथल।** जिले की सभी अनाज मंडियों में मांगों के समर्थन में आढ़तियों का प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान दूसरे दिन भी किसी भी अनाज मंडी में गेहूं की कोई ढेरी नहीं पहुंची। इस दौरान आढ़तियों ने शाम चार बजे धरना दिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर अपना रोष जताया। बता दें कि आढ़तियों ने पूरी आढ़त देने की मांग को लेकर पांच तक हड़ताल जारी रखने का एलान किया है। मंगलवार को धरने की अध्यक्षता नई अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान रामकुमार गर्ग प्रधान ने की। आढ़तियों ने फिर से अपनी मांग को दोहरा कहा कि यदि सरकार ने समय रहते हैं उनकी मांगे नहीं मानी तो चुनाव से 10 दिन पहले प्रदेश सरकार के खिलाफ व्यापारी बड़ा निर्णय लेंगे। प्रधान राजकुमार गर्ग ने कहा कि सरकार सरसों व कॉटन की फसलें हैफेड और कॉटन कारपोरेशन ऑफ इंडिया के माध्यम से सीधे किसानों से खरीद रही है। इससे आढ़ती का कोई कमीशन नहीं बन रहा। जो उनके साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा खरीदी जाने वाली सभी फसलों का भुगतान किसान की सहमति अनुसार, आढ़ती या किसान के स्वयं के खाते में किया जाना चाहिए।

### पाई अनाज मंडी के आढ़तियों का धरना

**पाई।** पाई अनाज मंडी के आढ़तियों ने हरियाणा स्टेट अनाज मंडी आढ़ती एसो आह्वान पर मंगलवार को दूसरे दिन मार्केट कमेटी पाई के सामने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि यह धरना प्रदर्शन प्रदेश की सभी अनाज मंडियों में एक से पांच अप्रैल तक चल रहा है। आढ़तियों ने बताया कि सरकार उनकी आढ़त 2.50 प्रतिशत होने के बावजूद भी उनको आढ़त कम दी गई है, जो आढ़तियों के साथ नाइंसाफी है। आढ़तियों ने यह भी बताया कि यदि सरकार ने उनकी इन मांगों को नही माना तो प्रदेश के आढ़ती दोबारा 15 मई से 25 तक हड़ताल, धरना व प्रदर्शन करेंगे। मंडी प्रधान कृष्ण ढुल, रणधीर सिंह, ईश्वर, गैली, जय भगवान, दिलबाग आदि मौजूद रहे।

### बिजलीकर्मी पर हमला कर बाइक-नगदी लूटी

**जींद।** बिटानी नहर पुल पर बीती देर शाम बिजलीकर्मी पर तीन युवकों ने बिंडे से वार कर उसकी बाइक तथा पांच हजार रुपये की नगदी को लूट लिया और फरार हो गए। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने बिजलीकर्मी की शिकायत पर तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर जाचं शुरू कर दी है। गांव आसन निवासी नवीन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सफीदों बिजली बोर्ड में डयूटीरत है। बीती देर शाम वह डयूटी कर गांव हाट से अपने घर लौट रहा था। वह गांव बिटानी के निकट नहर पुल पर तो किसी व्यक्ति ने उसे फैंक कर बिंडा मारा, जो उसके चेहरे पर लगा। जिस पर उसने बाइक को रोक दिया तो तीन युवक आए और उससे पांच हजार रुपये की नगदी तथा बाइक को छीन लिया। जिसके बाद तीनों युवक बाइक पर गांव हाट की तरफ फरार हो गए। राहगीरों के सहयोग ने उसने घटना की सूचना पुलिस तथा परिजनों को दी। बाद में पुलिस ने भी पूरे इलाके की नाकाबंदी कर तलाशी अभियान चलाया लेकिन लुटेरे युवकों का कोई सुराग नही लगा।



नरवाना। ज्ञापन सौंपते भीम आर्मी की टीम।

### भीम आर्मी का रोष प्रदर्शन

**नरवाना।** नरवाना भीम आर्मी टीम ने अमित हमीरगढ़ जिला अध्यक्ष भीम आर्मी जींद की अध्यक्षता में टीम ने असमाजिक व्यक्तियों के द्वारा महापुरूषों के बैनरों पर लगे फोटो को अपमानित करने व जलाने पर रोष प्रदर्शन किया। उसके बाद भीम आर्मी टीम ने महापुरूषों के बैनरों पर लगे फोटो को अपमानित करने व जलाने वाले असामाजिक व्यक्तियों के खिलाफ उचित कार्यवाई की मांग करते हुए एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग गृह मंत्रालय को ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष भीम आर्मी अमित हमीरगढ ने कहा कि होली के पावन त्यौहार पर आजाद नगर में होली की शुभकामनाएं देने के लिए बैनर लगाया गया था जिस पर महापुरूषों की फोटो के साथ-साथ भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं की फोटो लगी थी जिसकों फाड कर बैनर को जला दिया गया और अपमानित किया गया था। इसलिए बैनर को फाड कर अपमानित करने वाले उन असामाजिक व्यक्तियों के खिलाफ उचित कार्यवाई की जाए। इस मौके पर बहु संख्यक सभा अध्यक्ष एवं प्रभारी हल्का नरवाना भीम आर्मी रोशन लाल उचाना, हल्का अध्यक्ष प्रदीप नरवाना, हल्का अध्यक्ष विक्रम उचाना, हल्का प्रभारी सुशील छातर, मोनी छातर मौजूद रहे।

### तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर, बाइक सवार बाप की मौत, बेटी गंभीर

**जींद।** गांव नगूरां के असंध-कैथल बाईपास पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि उसकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। अलेवा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बधाना निवासी कुलदीप (40) अपनी बेटी वंशिका (8) को बाइक पर लेकर नगूरां के असंध-कैथल बाइपास से घर जा रहा था। बाईपास के टी प्वायंट पर तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाप व बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना को अंजाम देकर ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने दोनों को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने कुलदीप को मृत घोषित कर दिया। जबकि वंशिका की गंभीर हालात देख पीजाआई रोहतक रेफर कर दिया।

## पेड़ काटने के विरोध में किया प्रदर्शन

- बरगद और पीपल के पेड़ों को भगवान का दर्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना






नरवाना। रेलवे स्टेशन पर कटे पेड़ व रोष प्रदर्शन करते हुए।

नरवाना के रेलवे स्टेशन का नवीनिकरण का कार्य जोरों पर चल रहा है वहीं इस दौरान स्टेशन परिसर में मौजूद पेड़ बरगद व पीपल के कुछ पेडों को काटा जा रहा है जिसके विरोध में स्टेशन में बने क्वाटर में रह रहे लोगों ने रोष प्रकट किया। 11 बजे लोगों ने स्टेशन के क्वाटरों में मौजूद एक पीपल का पेड काटा जा रहा था जिसका विरोध किया और पेड काटने से रोकने लगे। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि सरकार खुद कहती है पेड बचाओं जीवन बचाओं और आज यहां पर धडल्ले से पेडों को काटा जा रहा है। वहीं पेडों के काटने पर विरोध प्रदर्शन कर रही ओमपती, लक्ष्मी, प्रतीक्षा व सीमा ने कहा कि बरगद और पीपल के पेडों को भगवान का दर्जा दिया गया है उन्होंने कहा कि वे इन पेडों मे रोज पानी डालते है और इनकों पूजते है और आज उनके सामने उन्ही पेडों को काटा जा रहा है महिलाओं ने कहा कि स्टेशन का नवीनिकरण करना है तो करों लेकिन पेडों को क्यों काटा जा रहा है इन बेजुबानों की जाने की ली जा रही है।

## राजकीय महिला महाविद्यालय में पूर्व छात्रा का स्वागत

# मेहनत से आर्मी में लेफ्टिनेंट बनी आरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। आर्मी में लेफ्टिनेंट बनी आरती महाविद्यालय स्टाफ के साथ।

राजकीय महिला महाविद्यालय के विज्ञान की संकाय की पूर्व छात्रा आरती का कमांड अस्पताल लखनऊ में लेफ्टिनेंट के पद पर चयन हुआ है। आरती ने 2019 से 2022 के सत्र के दौरान राजकीय महिला महाविद्यालय से बीएससी मेडिकल की पढ़ाई पूरी की। वह इसके साथ-साथ नेट की प्रतियोगी परीक्षा में भी लगी रही। उनके अथक परिश्रम का ही परिणाम रहा कि 2021 में उनका गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज तिरुवन्नंतपुरम में नीट के माध्यम से चयन हो गया। परंतु उन्होंने वहां प्रवेश न लेकर अपनी तैयारी जारी रखी। अगले वर्ष पुनः उनका भोपाल मेमोरियल अस्पताल व रिसर्च सेंटर भोपाल में नीट के माध्यम से चयन हो गया। परंतु छात्रा की जिद थी कि मिलिट्री अस्पताल में ज्वायन करने की और आरती की मेहनत रंग लाई तथा उन्होंने 2023 में नीट की परीक्षा में 645 अंक लेकर एमएनएस के लिए आवेदन किया और अक्टूबर 2023 में उनका चयन कमांड अस्पताल लखनऊ कैंट में लेफ्टिनेंट के पद पर हुआ। आरती की कमीशनिंग 2027 में हो जाएगी।

प्राचार्य जय नारायण ने कहा कि लगन व परिश्रम से सही दिशा में किया गया प्रयास अवश्य रंग लाता है। ऐसी उपलब्धि अन्य छात्राओं के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत है।

### ये रहे मौजूद

छात्रा ने इसका श्रेय महिला महाविद्यालय के प्राचार्य जयनारायण गहलावत तथा विज्ञान संकाय व वनस्पति विज्ञान के प्रोफेसरों को दिया। जिनके मार्गदर्शन व दिशा निर्देशन में वह अंततः अपने लक्ष्य की प्राप्ति करने में सफल रही और साथ-साथ अपनी बीएससी की परीक्षा भी उत्तीर्ण की। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रवक्ता डा. सुमिता आशरी तथा रवि कुमार उपस्थित रहे।

## रंजिश के चलते 2 फायर छर्रे लगने से तीन जख्मी

- शिकायतकर्ता के ब्यान पर पांच आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

ढांड में पांच आरोपियों ने एक परिवार के सदस्यों पर जेली, गंडासी, पिस्तौल व लाठी से हमला किया। एक ने देसी पिस्तौल से दो फायर किए, जिसके छर्रे 3 को लगे। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। ढांड निवासी अमन ने पुलिस को शिकायत दी कि वे दो भाई हैं। करीब 7/8 महीने पहले गली में घर के पास बैठने को लेकर पड़ौसी सतीश के साथ कहासुनी हो गई थी। सतीश उसी बात को लेकर उससे रंजीश रखे था। एक अप्रैल को सुबह 6 बजे रेलवे लाइन पर जा रहा था। रेलवे लाइन के पास सतीश खड़ा था जिसके हाथ में जेली थी। जब वह सतीश के पास पहुंचा तो सतीश ने अपने हाथ में पकड़ी जेली उसकी टांग पर मारी। वह उससे बचकर उसी समय भाग गया और अपने ताऊ कृष्ण के घर में घुस गया। आवाज देने पर उसके ताउ का लडका रजत उठ गया। उसी समय उसके पीछे आरोपी सतीश, गुरमीत, गुलजार, सेठी व महाबीर हाथों में जेली, गंडासी व लाठी लेकर वहां आ गए।

## खबर संक्षेप

### हैचरी से संदिग्ध हालात में युवती लापता

जींद। गांव भौंसला हैचरी से नेपाली युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर उचाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नेपाल निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह परिवार समेत हैचरी में रह रहा है। बीती रात उसकी बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा।

### गढ़वाली के राजकीय स्कूल से सामान चोरी

जुलाना। जुलाना क्षेत्र के गढ़वाली गांव के सरकारी स्कूल से सामान चोरी हो गया। इसकी शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गढ़वाली गांव के सरकारी स्कूल के मुख्याध्यापक जसमेर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एक अप्रैल की रात को किसी चोर ने स्कूल का ताला तोड़ कर एजुसेट की दो बैटरी और दो पंखे चोरी कर लिए।

### युवती को शादी का झांसा देकर किया गैंग रेप

जींद। सदर थाना इलाके में युवती को शादी का झांसा देकर सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने दस युवकों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म, मारपीट करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदर थाना इलाका गांव की एक युवती ने शिकायत में बताया कि गांव के ही युवक ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

### सोनी समाज का मिलन समारोह रोहतक में 7 को

जींद। सोनी समाज के प्रबुद्ध नागरिकों ने रामराये में बैठक कर 7 को प्रातः 10 बजे राज्य स्तरीय सोनी समाज मिलन समारोह को लेकर नूर रोहतक चलो का नारा दिया। सुरेश ने कहा कि वैदिक सनातन नववर्ष के उपलक्ष्य में यह राज्य स्तरीय सोनी समाज मिलन समारोह वैद्य सत्यप्रकाश आर्य के सौजन्य से महाराजा अजमीढ़ सुनार जनसेवा संस्थान रोहतक के तत्वावधान में आयोजित होगा।

### उम्मीदवारों के चुनावी खर्च पर पूरी निगरानी

जींद। जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार निर्वाचन आयोग की तय सीमा से अधिक राशि खर्च करता है तो जीत के बावजूद उसका परिणाम रद किया जा सकता है। चुनाव खर्च पर निर्वाचन आयोग की पूरी निगरानी होगी और इसके लिए टीमें गठित की गई हैं।

### बनभौरी धाम की 11 को पैदल यात्रा करेंगे श्रद्धालु

जींद। जय मां बनभौरी सेवा समिति द्वारा 11 अप्रैल को जींद से बनभौरी धाम के लिए पैदल ध्वजा यात्रा रवाना होगी। यात्रा में सैंकड़ों श्रद्धालु भाग लेंगे। यात्रा बनखंड महादेव, हांसी रोड से शुरू होगी जो शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते बनभौरी धाम पहुंचेगी। संस्था के पूर्व प्रधान सुनील गोयल, कार्यकारी सदस्य दीपक गर्ग व सुनील गर्ग ने बताया कि यह यात्रा बनभौरी धाम मंदिर के पुजारी पुलकित कौशिक के पावन सानिध्य में निकाली जाएगी।

### छात्राओं ने किया वन स्टॉप सेंटर का भ्रमण

जींद। राजकीय कन्या कालेज के समाजशास्त्र विभाग की छात्राओं ने समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्षा डा. सुमन खर्ब के नेतृत्व में वन स्टॉप सेंटर, बाल आश्रम व वृद्धाश्रम का भ्रमण किया बाल कल्याण समिति के चेयरमैन नरेंद्र अत्री ने छात्राओं को बेसहारा व अनाथ बच्चों की स्थिति से अवगत कराया।

### डॉ. नरेश वर्मा फिर बने भाविप के शाखा अध्यक्ष


सफीदों। सफीदों में वीरवार को भारत विकास परिषद एक विशेष बैठक हुई। जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए फिर से पूर्व बीईओ डा. नरेश वर्मा को परिषद का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही सचिव संजीव पुण्डीर, कोषाध्यक्ष जगदीप कुमार व महिला संयोजिका समाजसेविका ऊषा बराड़ को बनाया गया।

### बिना दवा के खाली हाथ लौट रहे लोग

# आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी नगूरां में स्टाफ की कमी, मरीज परेशान

नगूरां समेत साथ लगते गांव के लोगों ने डिस्पेंसरी में स्टाफ की कमी को पूरा करने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा



जींद। नगूरां आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी पर रोष प्रकट करते ग्रामीण।

आयुर्वेदिक विभाग ने नगूरां गांव में डिस्पेंसरी तो स्थापित कर दी लेकिन काफी समय से स्टाफ की कमी के चलते लोगों को बिना दवा के ही खाली हाथ लौटने पर मजबूर होना पड़ता है। जिसके कारण नगूरां समेत आसपास गांव के लोगों में आयुर्वेदिक विभाग के उच्चाधिकारियों के खिलाफ रोष है।

डिस्पेंसरी में दवा लेने पहुंचे नगूरां निवासी संसार, पवन शर्मा, कृष्ण, मदन सैनी, प्रदीप रोहिला, कुलदीप शर्मा, बलराज, राममेहर आदि ने बताया कि सरकार द्वारा आयुर्वेद को बढावा देने के लिए काफी समय पूर्व नगूरां गांव में आयुर्वेद डिस्पेंसरी तो खोल दी, लेकिन स्टाफ के मामले में पदों का भरना उचित नही समझा। नगूरां आयुर्वेद डिस्पेंसरी में काफी समय पूर्व से आयुर्वेद डाक्टर के अलावा आयुर्वेद फामासिस्ट का पद खाली है। हालांकि विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा बरसोला डिस्पेंसरी से मंगलवार तथा शुक्रवार को एक आयुर्वेद डाक्टर की ड्यूटी लगाई है लेकिन दूसरे दिनों की बात करें तो डिस्पेंसरी में दवा लेने पहुंचे नगूरां तथा आसपास लगते गांव के लोगों को खाली हाथ लौटने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

#### आयुर्वेद की तरफ बढा रुझान

डिस्पेंसरी में दवा लेने पहुंचे लोगों ने बताया कि हालांकि लोगों का आयुर्वेद की तरफ रुझान बढा है, लेकिन आयुर्वेद विभाग द्वारा स्थापित डिस्पेंसरियों में स्टाफ की कमी को पूरा नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण डिस्पेंसरी में पहुंची दवाओं का आम लोगों तक लाभ नहीं पहुंच रहा है। कुछ आयर्वेद दवाएं जैसे खांसी, नजला, पेट का अफारे आदि का आयुर्वेद दवाओं में कारगार परिणाम आ रहा है लेकिन आयुर्वेद डाक्टर की कमी के चलते आयुर्वेद का लाभ लोगों के पास नहीं पहुंच रहा है। आयुर्वेदिक विभाग जींद स्थित कार्यालय की क्लर्क सुदेश ने बताया कि नगूरां आयुर्वेद डिस्पेंसरी में स्टाफ की कमी है। हालांकि नगूरां गांव में मंगलवार तथा शुक्रवार को दो दिन बरसोला डिस्पेंसरी से एक महिला डाक्टर की ड्यूटी लगाई है। लोगों की मांग के अनुसार बाकी बचे दिनों के लिए एक फामासिस्ट की नियुक्ति की जाएगी। हालांकि स्टाफ के लिए पंचकूला स्थित उच्च अथोरिटी को लिखा हुआ है लेकिन आचार संहिता लगने के चलते यह काम बीच में रूक गया है। जल्द ही मामले को लेकर लोगों की समस्या का हल किया जाएगा। हालांकि आयुर्वेद विभाग में स्टाफ की कमी के चलते ऐसी समस्या आ रही है।

#### दो दिन ही नगूरां में लगाई ड्यूटी, बाकी चार दिन खाली : मोनिका

आयुर्वेद विभाग की डा. मोनिका ने बताया कि वैसे तो उनकी ड्यूटी बरसोला डिस्पेंसरी पर है लेकिन विभाग द्वारा दो दिन मंगलवार तथा शुक्रवार को उसकी ड्यूटी नगूरां डिस्पेंसरी पर लगाई हुई है। बाकी चार दिनों के लिए नगूरां डिस्पेंसरी बिलकुल खाली है और यहां पर ओपीडी भी प्रतिदिन 60 से 70 को पार कर रही है। इसके लिए लोगों को दिक्कत होना संभाविक है।

# भाषा का ज्ञान जरूरी : सुरेखा

- राजकीय महाविद्यालय में एकदिवसीय साहित्यिक सेमिनार का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों




जींद। मुख्यवक्ता डा. सुरेखा शर्मा को सम्मानित करते प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा व अन्य।

नगर के राजकीय महाविद्यालय में लिटरेरी सोसायटी एवं हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय साहित्यिक सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में बतौर मुख्य वक्ता नीति आयोग भारत सरकार की सलाहकार सदस्य व हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग स्थायी समिति सदस्य डा. सुरेखा शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा ने की। डा. सुरेखा शर्मा ने विद्यार्थियों को हिंदी में लेखन कौशल संबंधी बारीकियों से अवगत करवाते हुए कहा कि प्रभावी लेखन के लिए लेखक को भाषा की चिंता और संदेश लिखने की तकनीकों का पर्याप्त ज्ञान होना आवश्यक है। लेखन में परिचित शब्दों का उपयोग करना चाहिए जो हम अधिकांश रोजमर्रा की बातचीत में उपयोग करते हैं। इसके साथ-साथ लेखन में छोटे शब्दों का चयन करना चाहिए क्योंकि छोटे शब्द आमतौर पर लंबे शब्दों की तुलना में बेहतर संवाद करते हैं। उन्होंने कहा कि लेखन के लिए भाषा के ज्ञान की आवश्यकता होती है। वास्तव में, भाषा का हमारा ज्ञान जितना अधिक होगा, हमारे लिखने की संभावना उतनी ही अधिक होगी।



जींद। हवन करते मोहन लाल बडौली व अन्य नेतागण व कार्यकर्त्ता।

### मोहनलाल बडौली ने किया कार्यालय का उद्घाटन

सफीदों। सोनीपत लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल बडौली ने मंगलवार को सफीदों के जींद रोड पर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यालय उद्घाटन से पहले मोहन लाल बडौली ने सफीदों के प्रसिद्ध ऐतिहासिक महाभारतकालीन नागक्षेत्र मंदिर में पूजा अर्चना करके देवी देवताओं का आशीर्वाद लिया। उसके उपरांत कार्यालय में हवन पूजन करके विधिवत शुभारंभ किया। कार्यालय उद्घाटन के साथ ही कार्यकर्ताओं को चुनाव संबंधी जिम्मेदारियां भी सौंपी गई। कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजू मोर, सफीदों विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रहे पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य, भाजपा राष्ट्रीय परिषद के सदस्य एडवोकेट विजयपाल सिंह, गौसेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण गर्ग, कान्फेड के चेयरमैन कर्मबीर सैनी, पूर्व विधायक जसबीर देशवाल, ग्रामीण बैंक के चेयरमैन अमरपाल राणा व पूर्व विधायक कलीराम पटवारी विशेष तौर पर मौजूद रहे।

### राजपुरा भैण पहुंचे सांसद सुभाष बराला

जुलाना। जुलानाहलके के गांव राजपुरा भैंण गांव में रा'यसभा सांसद सुभाष बराला भाजपा नेता संदीप लोहान के निवास पर पहुंचे। सुभाष बराला ने कहा कि प्रदेश की सभी सीटों पर लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत होगी।

सुभाष बराला ने कहा कि कांग्रेस ने अभी तक एक भी उम्मीदवार घोषित नही किया है। भाजपा ने अंतिम व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचाने के लिए अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं। प्रदेश में सरकार द्वारा आमजन तक सुविधाएं पहुंचाई हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं की भी डयूटी बनती है कि वो सरकार की सुविधाओं के बारे में आमजन तक पहुंचाने का काम करें।

# जंक व फास्ट फूड से दूर रहें बच्चे

- स्वास्थ्य विभाग ने मदरसे में चलाया मौखिक स्वास्थ्य पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। मदरसे में पढ़ रहे बच्चों को स्टेशनी वितरित करते डा. रमेश पांचाल।

मौखिक स्वास्थ्य पखवाडे.के तहत मदरसा ईशातुल उलुम स्कूल इंद्रा कॉलोनी व टपरीवास कल्याण समिति स्कूल में बच्चों को दांतो पर ब्रुश करना सिखाया। सीएमओ डा. गोपाल गोयल के मार्गदर्शन में मौखिक स्वास्थ्य पखवाडे.के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा मदरसा ईशातुल उलुम स्कूल इंद्रा कॉलोनी व टपरीवास कल्याण समिति स्कूल में सभी छात्र व छात्राओं, अध्यापकगण को मुख एवं दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। उपसिविल सर्जन (दंतक) डा. रमेश पांचाल ने उपस्थित बच्चों को अपने दांतो व मुंह की साफ-सफाई कैसे करें के बारे में विस्तारपूर्वक डैमो के माध्यम से बताया।

उन्होंने बताया कि हमें अपने दांतों को प्रतिदिन सुबह शाम ब्रुश करना चाहिए। उन्होंने सभी बच्चों को स्वयं अपने हाथों से ब्रुश करवा कर दांतों व मुंह की साफ.-सफाई का सही तरीका समझाया। उन सभी को भविष्य में प्रतिदिन दोनों समय सुबह-शाम ब्रुश करने बारे सलाह दी। बच्चों को दांतों पर चिपकने वाली चीजें टॉफी, चॉकलेट आदि नहीं खानी चाहिए। हमेशा शौच जाने के बाद व खाना खाने से पहले अपने हाथों को साबुन व पानी से अच्छे से धोना चाहिए ताकि पेट की बीमारियों से बचा जा सके।

### गांव डुल्याणी के लिए बस सेवा प्रारंभ

पूंडरी। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अनिता चौधरी और वी.एस. चौधरी के प्रयासों के चलते प्रदेश के नवनियुक्त परिवहन मंत्री असीम गोयल के आदेश पर रोड़वेज अधिकारियों द्वारा डुल्याणी से कैथल व आसपास के गांवो के लिए बस सेवा शुरु की गई है, जिससे ग्रामीणों व खासकर पढ़ाई के लिए शहर में आने वाले विद्यार्थियों और दैनिक कायारे् के लिए प्रतिदिन शहर आने-जाने वाले यात्रियों ने परिवहन मंत्री असीम गोयल का आभार व्यक्त किया है। अनिता चौधरी ने कहा कि वैसे तो पूरे जिले में और पूंडरी हल्के में अनीता चौधरी अधिकारियों के माध्यम से जनसमस्याओं को दूर करने में लगी हुई हैं, परंतु गांवो में ग्रामीणों को आ रही समस्याओं को वे प्राथमिकता से हल करवा रही हैं।

# स्व. जयपाल की 8वीं बरसी पर हवन

- स्व. जयपाल ने सभी जरूरतमंदों की करी मदद : दीपक पिंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



गांव पांडू पिंडारा में जयपाल पिंडारा की 8वीं बरसी पर यज्ञ का अयोजन किया गया। उनके सुपुत्र दीपक ने बताया कि उनके पिता स्व. जयपाल पिंडारा एक समाजसेवी व्यक्ति थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में गरीब और जरूरतमंद व्यक्तियों कि हमेशा मदद की है। वह दो योजना गांव के सरपंच भी रहे। उनके कार्यकाल के दौरान गांव में अनेक विकास कार्य करवाए गए। इसके अतिरिक्त भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बतौर मुख्यमंत्री 10 वर्ष सरकार में रहने के दौरान स्व. जयपाल पिंडारा गांव एवं समाज के लिये बहुत से विकास कार्य करवाए। उन्होंने गांव में स्थित ऐतिहासिक पांडु पिंडारा तीर्थ के लिए एक करोड़ रुपये की अनुदान राशि तत्कालीन कांग्रेस सरकार से मंजूर करवाने का कार्य किया। जिस राशि से तीर्थ पर पार्क का निर्माण करवाया गया। गांव पांडू पिंडारा में बनाए गए नए बस स्टैंड को मंजूरी दिलवाना जैसे सराहनीय कार्य उनके द्वारा किये गए। उन्होंने अपने पूरे जीवनकाल समाज की तरक्की और उन्नति के लिए कार्य किए। उनके सुपुत्र दीपक ने बताया कि जल्द ही हरियाणा में पुनः कांग्रेस की सरकार गठित होगी व भूपेंद्र सिंह हुड्डा को पुनः हरियाणा के मुख्यमंत्री बनेंगे तो गांव व हलका में विकास कार्य करवाए जाएंगे। महाराज पूतमपूरी, स्वामी चंद्रानद, बिट्टू रेढ़ू, जयसिंह मौजूद रहे।



नगूरां गांव में होदी में लारवा की जांच करते स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी।

### लोगों को डेंगू मलेरिया बचाव के प्रति किया जागरूक

अलेवा। पीएचसी नगूरां के अधीन स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा नगूरां, चांदपुर, शाहपुर, दिल्लूवाला, रायचंदवाला समेत विभिन्न गांवों में एंटी लारवा एक्टिविटी अभियान चलाया। अभियान की अध्यक्षता स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने की तथा मुख्य रूप से चिकित्या अधिकारी डा. राम ने भाग लिया। इस अभियान के तहत पीएचसी की स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने सर्वे करते हुए गांव में घर-घर जाकर टंकी कूलर व होदी के पानी में लारवा की जांच की। स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा ग्रामीणों को मलेरिया व डेंगू बुखार के कारण लक्षण व बचाव के लिए जागरूक किया गया। स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने कहा कि उपसिविल सर्जन मलेरिया के निर्देशानुसार अप्रैरल माह से एंटी लारवा अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा ग्रामीणों को प्रत्येक रविवार को अपने घर में सुखा दिवस मनाने के लिए भी हिदायत दी। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा घर के सभी पानी के बर्तनों को कूलर, टंकी, फ्रीज की ट्रे, गमले, होदी, छत पर पड़े कबाड़ को खाली करके सुखाने के लिए प्रेरित कि या। उन्होंने कहा कि अचानक तेज बुखार, तेज सिर दर्द, मांसपेशियों व जोड़ों में दर्द, आंखों के पिछले हिस्से में दर्द व शरीर पर लाल चकते होना डेंगू के लक्षण है। मलेरिया बुखार संक्रमित मादा एनाफलीज मच्छर के काटने से होता है।

# विजेताओं को किया सम्मानित

- स्किट में सीआरएसयू की टीम द्वितीय वोकल में विजय ने पाया तृतीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। विजेता रही टीम। फोटो :हरिभूमि

पंजाब कृषि विवि लुधियाना में आयोजित 37वें ऑल इंडिया नेशनल यूनिवर्सिटी युवा महोत्सव में सीआरएसयू की टीम ने परचम लहराया है। 28 मार्च से एक अप्रैल तक आयोजित इस युवा महोत्सव में पूरे भारत से 128 विवि के 2200 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया था। जिसमें सीआरएसयू ने भी भाग लिया था। सीआरएसयू जींद ने नॉर्थ वेस्ट जोन में स्किट और लाइट वोकल इंडियन विधा में नेशनल कोटा हासिल किया था। यह विवि के इतिहास में पहली बार हुआ है। लुधियाना में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में स्किट की टीम जिसमें पूनम, इंदू, निर्मल, रमनदीप, अंकित, मंजीत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और लाइट इंडियन वोकल में संगीत विभाग के छात्र विजय कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दोनों टीम का विवि पहुंचने पर स्वागत किया। कुलपति डा. रणपाल सिंह ने दोनों टीमों का विश्वविद्यालय पहुंचने पर स्वागत किया और जीत की बधाई दी और कहा कि यह विवि के लिए बहुत ही गर्व की बात है कि हमारी दोनों टीमों ने खूब मेहनत की और उनके साथ कंपनिस्ट् डायरेक्टर और कोऑर्डिनेटर की मेहनत का नतीजा है। विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने भविष्य में इसी तरह आगे बढ़ते रहने का आशीर्वाद दिया।




जींद। पौधे रोपित करते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### हिंदू कन्या कालेज में छात्राओं ने लगाए फलदार पौधे

जींद। हिंदू कन्या महाविद्यालय में इको क्लब के द्वारा मंगलवार को हर्बल पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने तथा संचालन इको क्लब की प्रभारी नीलम ने किया। इको क्लब की छात्राओं ने हर्बल पार्क में जाकर जामुन, मधु कामिनी, चीकू इत्यादि फलदार पौधे लगाए। क्लब की 50 छात्राओं ने इस कार्यक्रम में बड़े उत्साह से बढ़ चढ़कर भाग लिया। कॉलेज प्राचार्या डा. पूनम मोर ने कहा कि फलों के पेड़ न केवल लाभ पहुंचाते हैं बल्कि वे स्थानीय पारिस्थितिक तंत्र और पर्यावरण को बड़े पैमाने पर लाभांवित भी करते हैं। नीलम ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़ तापमान को नियंत्रित करने और बारिश के लिए मौसम को बिल्कुल उपयुक्त बनाने में मदद करते हैं। वे खराब हवाएं जिसे कार्बन डाइऑक्साइड कहते हैं को अंदर लेते हैं और उसे स्वच्छ बनाते हैं। जिससे हमें आवश्यक अच्छी हवा मिलती है, जिसे ऑक्सीजन कहा जाता है।

### नेट को लेकर छात्र अधिक पाठ्य पुस्तकें पढ़ें : सत्यवान मलिक

# छात्रों को पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




जींद। छात्रों को संबोधित करते प्राचार्य सत्यवान मलिक व स्किट में द्वितीय आए मनजीत को सम्मानित करते हुए प्राचार्य। फोटो :हरिभूमि

राजकीय महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग और कैरियर मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में हाउ टू क्रैक यूजीसी नेट विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। 127 छात्रों ने व्याख्यान में सक्रिय रूप से भाग लिया। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने छात्रों को अधिक पाठ्य पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित किया। दिल्ली विश्वविद्यालय के व्यावसायिक अध्ययन महाविद्यालय, अंग्रेजी विभाग से पल्लवी ने संसाधन व्यक्ति के रूप में छात्रों के साथ बातचीत की। उन्होंने छात्रों से परीक्षा की तैयारी के लिए गुणवत्तापूर्ण सामग्री का अध्ययन करने पर जोर दिया। उन्होंने कुछ प्रामाणिक ऑनलाइन स्त्रोतों का भी सुझाव दिया। उन्होंने अनुसंधान पद्धति पर भी विचार-विमर्श किया। अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो.ज्योति श्योराण ने भी छात्रों को प्रेरित किया।

### प्राचार्य ने किया सम्मानित

राजकीय महाविद्यालय के कला संकाय के बीए द्वितीय वर्ष के छात्र मनजीत ने एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी लुधियाना में हो रहे 37वें इंटर युनिवर्सिटी राष्ट्रीय यूथ फेस्टीवल स्किट विधा में द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय प्राचार्य सत्यवान मलिक ने छात्र को सिल्वर मेडल मिलने पर बधाई दी और कहा कि अकादमिक उत्कृष्टता के साथ ही महाविद्यालय का सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर हरसंभव प्रयास लगातार जारी रहता है। इसका उद्धेश्य भावी पीढ़ियों के समग्र विकास के साथ-साथ समग्र रूप से समाज के कल्याण के लिए विचार, कल्पना, बहुसंस्कृतिवाद, सहानुभूति और स्थिरता की स्वतंत्रता के लिए एक वातावरण प्रदान करना है।



जींद। नेहरू पार्क में बैठक को संबोधित करते वक्ता। फोटो :हरिभूमि

### चौकीदारों के ईएसआई व पीएफ कार्ड नहीं किए जारी

जींद। हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा की बैठक मंगलवार को नेहरू पार्क में जिला प्रधान जयकरण की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव सावन ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के रा'य महासचिव कलीराम और सीटू जिला सचिव कपूर सिंह ने कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ग्रामीण चौकीदारों के बारे में कहते थे कि ग्रामीण चौकीदार हरियाणा प्रदेश की आंख, कान व नाक है। जो गांव की हर प्रकार की सूचना सरकार के पास पहुंचाने का काम करते हैं लेकिन बीजेपी की सरकार में इनकी तरफ कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जाता। प्रदेश सरकार की घोषणा के बाद भी कई महीने बीत जाने के बाद आज तक भी हरियाणा के ग्रामीण चौकीदारों के ईएसआई और पीएफ कार्ड जारी नहीं किए गए हैं न ही ग्रामीणों चौकीदारों को समय पर मानदेय मिलता है। उन्होंने बताया कि इसी बीच भाजपा ने 44 श्रम कानूनों को रद्द चार लेबर कोड में बदल कर मजदूरों व कर्मचारियों को पूंजीपतियों व मालिकों के गुलाम बनाने का पक्का प्रबंध कर दिया है। बीजेपी द्वारा खेती कानूनों को बदलने का मकसद एक तरफ पूंजीपतियों के मुनाफे को बढ़ाना है दूसरी तरफ किसान आबादी को खेती से उजाड़ना और उसे मजदूर के रुप में शहरों व कस्बों में धकेलना है।

**खबर संक्षेप**

### जिले में 7580 है दिव्यांग मतदाताओं की संख्या

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि जिलें में 7580 दिव्यांग मतदाता हैं। सबसे ज्यादा दिव्यांग मतदाता (2263) कैथल विधानसभा क्षेत्र में हैं। दूसरे स्थान पर कलायत विधानसभा क्षेत्र है जहां (2124) दिव्यांग मतदाता हैं। वहीं गुहला एवं पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में क्रमशः 1682 एवं 1511 दिव्यांग मतदाता हैं।

### विवाहिता से छेड़खानी व अपशब्द कहने में केस

**कैथल।** विवाहिता से छेडखानी करने और अपशब्द कहने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। कलायत की एक कॉलोनी निवासी 30 वर्षीय विवाहिता ने पुलिस को शिकायत दी कि 30 मार्च को दोपहर के समय आरोपी सुरेंद्र ने घर में घुसकर उसके साथ छेडखानी की। विरोध करने पर आरोपी ने उसे अपशब्द भी कहे। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### डॉ विजय चावला को किया प्रशंसा पत्र से सम्मानित

**कैथल।** आरोही आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्योंग में कार्यरत डॉ विजय चावला ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने 19 मार्च 2024 को शिक्षकों के निरंतर व्यावसायिक विकास और पी एम गतिविधि के अंतर्गत असम राज्य के केंद्रीय विद्यालय सिलचर रीजन के 25 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति,2020 के तहत खेल-शिक्षण,खिलौना शास्त्र और कठपुतलियों के प्रयोग से बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान कौशल विकसित करने का ऑनलाइन प्रशिक्षण शिविर प्रदान किया था।

### कानूनी एवं साइबर क्राइम जागरूकता अभियान 25 को

**गुहला-चीका।** राजकीय कन्या महाविद्यालय चीका में 25 अप्रैल को हरियाणा राज्य महिला आयोग की ओर से एक कानूनी एवं साईबर क्राइम जागरूकता कार्यक्र का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए डीएसपी बैनीवाल ने बताया कि कार्यक्रम में छात्राओं को कानूनी एवं साईबर क्राइम विषय के बारे में विशेषज्ञों द्वारा विस्तार से जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में छात्रों को साइबर अपराध से सर्तक रहने के टिप्स भी दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान कोई भी छात्रा उक्त विषय को लेकर यदि उसके मन में कोई सवाल होगा, तो उसके सवाल का भी जवाब दिया जाएगा।

## आधुनिक सुविधाओं से लैस होगी लाईब्रेरी, आस-पास के छात्रों को मिलेगा लाभ

# श्री रैदास तख्त परिसर में 1 करोड़ 36 लाख से बनेगा भवन व पुस्तकालय

कलायत में पहली बार एक साथ मिली बड़ी सौगात को लेकर क्षेत्र के लोग काफी उत्साहित दिखाई दे रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



**कलायत।** कलायत स्थित श्री रैदास तख्त पर आवासीय क्षेत्र के लोगों से बातचीत करते नपा अधिकारी-कर्मचारी।

कलायत स्थित श्री रैदास तख्त परिसर में अब 1 करोड़ 36 लाख रुपए के बजट से सामुदायिक केंद्र भवन और आधुनिक सुविधाओं से लैस लाईब्रेरी का निर्माण होगा। लोकसभा चुनाव आचार संहिता के बाद इन दोनों महत्वपूर्ण कार्यों की टेंडर प्रक्रिया पूरी होगी। प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सांसद के तौर पर योजनाओं की सौगात दी थी। इसके लिए उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल से बजट स्वीकृत करवाया था। इसके अलावा अनुसूचित वर्ग की आवासीय कालोनियों के लिए 3 करोड़ 41 लाख रुपए के बजट से विभिन्न विकास कार्य पूरे करवाए जाने हैं। वर्तमान में 2 करोड़ से अधिक बजट का टेंडर पर कार्य जारी है। नगर पालिका प्रशासन द्वारा श्री रैदास तख्त परिसर में बनने वाले सामुदायिक भवन व पुस्कालय के प्रारूप पर प्रभावी ढंग से कार्य शुरू कर रखा है। नगर पालिका सचिव पवन शर्मा और पालिका अभियंता अशोक कुमार के निर्देश पर जारी निर्माण विकास कार्यों का मुआयना करने पहुंची टीम ने प्रस्तावित विकास कार्यों को लेकर भी धरातल पर स्थिति की समीक्षा। नगर पालिका कनिष्ठ अभियंता संजीव धीमान और वर्क सुपरवाइजर अमित कुमार ने सामुदायिक केंद्र भवन व पुस्कालय को लेकर बाचतीत की। रामकुमार धानियां, हिश्म सिंह ब्राह्मणिया, ईश्वर गिल, शक्ति दहिया, राजपाल सिंह, विनोद कुमार, विकास सरीन, बलजीत सिंह, मामू राम और दूसरे लोगों ने कहा कि विकास योजनाओं के सिरे चढ़ने से अनुसूचित वर्ग की आवासीय कालोनियों का ढांचा सुदृढ़ होगा। इससे बुनियादी समस्याओं का हल होगा और सभी को आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे।

**पहली बार एक साथ मिली बड़ी सौगातः**

कलायत नगर पालिका की निवर्तमान चेयरपर्सन शशीबाला कौशिक ने बताया कि नगर पार्षद आर.एस धानियां के माध्यम से कलायत स्थित श्री रैदास तख्त परिसर में लंबे समय से संविधान निमार्ता डा.भीम राव अंबेडकर नालेज सेंटर, सामुदायिक केंद्र भवन, पुस्कालय और दूसरे विकास कार्यों की मांग नपा पटल पर उठाई गई थी। नगर पालिका कार्यकारिणी भंग से होने से पहले संबंधित विकास कार्यों का प्रारूप सरकार को भेजा गया था। लोकसभा चुनाव आचार संहिता लगने से पहले इन विकास कार्यों के लिए बजट को स्वीकृत किया जा चुका है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संसदीय क्षेत्र और विधायक कमलेश ढांडा के विधानसभा क्षेत्र के संभाग कलायत शहर की अनुसूचित वर्ग से संबंधित आवासीय कालोनियों में 4 करोड़ 77 लाख रुपए के बजट को एक बड़ी सौगात माना जा रहा है। नगर पालिका सचिव पवन शर्मा और पालिका अभियंता अशोक कुमार ने बताया कि वर्तमान में जारी निर्माण कार्यों को सिरे चढ़ाने के लिए जहां प्रशासन गंभीर है वहीं अन्य योजनाओं की आचार संहिता के बाद टेंडर प्रक्रिया पूरी की जानी है। कलायत स्थित श्री रैदास तख्त परिसर में अब 1 करोड़ 36 लाख रुपए के बजट से सामुदायिक केंद्र भवन और आधुनिक सुविधाओं से लैस लाईब्रेरी का निर्माण होगा। जिसे लेकर लोगों में खासा उत्साह है।

## घर बैठे वोट डाल सकेंगे 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


प्रशांत पंवार

जिला निवार्चन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु के 11 हजार 17 बुजुर्ग हैं, जिन्हें इस लोकसभा चुनाव में बैलेट पेपर से यानि घर से ही वोट डलवाने की सुविधा मिलेगी। जो बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता बूथ पर जाकर वोट नहीं डालना चाहते, उनके मतदान करने के लिए चुनाव कार्यालय की ओर से फार्म भरवाए जाएंगे, उनकी सहमति देने के उपरांत ही मतदान की व्यवस्था के लिए टीम का गठन किया जाएगा। जिला निवार्चन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया 6 मई को पूरी होगी। उसके बाद ये फार्म बुजुर्ग व दि ० यां ग मतदाताओं के घर से एकत्रित किए जाएंगे। जो मतदाता चाहेंगे कि वे घर से ही वोट देंगे, उनको बैलेट पेपर वितरित किए जाएंगे और चुनाव कर्मचारी उसी दिन उनके बैलेट पेपर पर निशान लगवा कर लेकर उन्हें सीलबंद कर देंगे। इस प्रक्रिया में मतदाता के गोपनीयता के अधिकार को बरकरार रखा जाएगा।

## कुश यादव ने इंटर कॉलेज स्टेट चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल के स्पोर्ट्स विभाग के छात्र कुश यादव ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए बॉक्सिंग प्रतियोगिता में 67 किलोग्राम वेट कैटेगरी में द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए रजत पदक प्राप्त किया, यह इंटर कॉलेज स्टेट चैंपियनशिप जो मार्च माह में डॉ बी आर अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय कैथल, हरियाणा में आयोजित हुई। यह जानकारी विश्वविद्यालय खेल निदेशक डॉ.बलविंदर सिंह ने दी। विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर( डॉ.) शमीम अहमद ने छात्र को उसके प्रदर्शन एवं उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय खिलाड़ियों को हर स्तर की सुविधा उपलब्ध करवा रहा है और उसी का परिणाम है कि धीरे-धीरे विश्वविद्यालय के खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन करके अपने विश्वविद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं।

## वाणी मग्गो के राष्ट्रीय स्कूल गेम्स में स्वर्ण पदक हासिल करने पर दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



हाल ही में हुई लीजेंड कराटे क्लब पूंडरी की खिलाड़ी वाणी मग्गो ने राष्ट्रीय स्कूल गेम्स में स्वर्ण पदक हासिल किया है और अंतर्राष्ट्रीय यूथ लीग में भाग लेकर अच्छा प्रदर्शन किया जोकि दुबई में था। वाणी ने बताया हमारे कोच विकास सर हमें सुबह-शाम कड़ी मेहनत करवाते हैं और डाइट का भी पूरा ध्यान रखते हैं। मुझे लीजेंड कराटे क्लब पूंडरी में प्रशिक्षण लेकर बहुत अच्छा लग रहा है और मैं ऐसे ही मेहनत करके अपने देश के लिए बड़ा मेडल लाना चाहती हूं और कराटे खेल में अपने देश का पूरी दुनिया में प्रचम लहराना चाहती हूं। कोच विकास ढलवाल ने बताया की वाणी 4 वर्ष की आयु में कराटे सीखने के लिए आई थी और शुरू से ही कड़ी मेहनत और लगन से प्रशिक्षण ले रही है यह खिलाड़ी सुबह 1 घंटा और शाम को 2 घंटे लीजेंड कराटे क्लब मे पसीना बहाती है। वाणी के माता-पिता भी खेल के लिए पूरा प्रोत्साहित कर रहे हैं इतनी सी आयु में सुबह उठना कड़ी मेहनत करना चोट लगना माता-पिता के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। वाणी ने सबसे पहले 4 वर्ष की आयु में नेशनल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और अपनी शुरुआत रजत पदक से की यह प्रतियोगिता के.यू.के. स्पोटर्स काम्पैलक्स में 6 मई 2016 से 8 मई 2016 तक हुई थी, इसके बाद 2017 में तालकटोरा स्टेडियम दिल्ली में हुई। राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया, इसके बाद 2021 तक अपने आयु वर्ग में हर वर्ष स्वर्ण पदक हासिल किया।

## क्षेत्र के गांवों से सैकड़ों लोग कांग्रेस में हुए शामिल

- इलाके की तरक्की व उन्नति के लिए लोग अन्य दलों को छोड़कर थाम रहे रणदीप सुरजेवाला का हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


**कैथल।** रणदीप सिंह सुरजेवाला के साथ कांग्रेस में शामिल होते ग्रामीण।

गत दिवस गांव ग्योग, क्योड़क व साम्पनखेड़ी में सैंकड़ो परिवारों ने रणदीप सुरजेवाला के नेतृत्व में कांग्रेस का हाथ थाम लिया। रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि कैथल जिले के लोगों का राजनीतिक व पारिवारिक रिश्ता, आशीर्वाद व स्नेह सुरजेवाला परिवार के ऊपर सदैव रहा है और इस रिश्ते की कड़ी को और मजबूती से निभाकर हम जनता की सेवा में लगे रहेंगे। इसी क्रम में बाल्मीकि समाज, सैन समाज और गुर्जर समाज के सैंकड़ो साथियों ने इलाके की तरक्की व उन्नति के लिए भाजपा, जजपा व इनैलो पार्टी को छोड़कर मेरा साथ देने का वायदा कर कांग्रेस पार्टी में अपनी आस्था व्यक्त की। मेरी तरफ से सभी साथियों को पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। गांव ग्योग में प्रेम चन्द बाल्मीकि, रामधारी बाल्मीकि, धूप सिंह बाल्मीकि, बलवंत बाल्मीकि, बलराज बाल्मीकि, महेन्द्र बाल्मीकि, शीशपाल बाल्मीकि, दर्शन बाल्मीकि, संजू बाल्मीकि, धीरा बाल्मीकि, मुकेश बाल्मीकि, सुनील बाल्मीकि, ईशमा बाल्मीकि, कृष्ण बाल्मीकि, सुरेश बाल्मीकि, बलवान बाल्मीकि, रामफल बाल्मीकि। ग्सांपनखेड़ी में रघुबीर बाल्मीकि, सतविन्द्र बाल्मीकि, बिरभान बाल्मीकि, अमित सैन, सुमित सैन, साहिल बाल्मीकि, सागर बाल्मीकि, सन्नी बाल्मीकि, मुकेश बाल्मीकि, प्रवीण बाल्मीकि। क्योड़क की भयंकर पट्टी में प्रहलाद गुर्जर, बालकिशन गुर्जर, बृजलाल गुर्जर, अमन गुर्जर, पवन गुर्जर, संदीप गुर्जर सभी साथियों ने भाजपा पार्टी को छोड़कर रणदीप सुरजेवाला के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी को ज्वाईन किया। रणदीप सुरजेवाला ने सभी साथियों को कांग्रेस का पटका पहनाकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलवाई। उन्होंने कहा कि निरंतर ही इस क्रम को बरकरार रखा जाएगा और ज्यादा से ज्यादा लोगों को कांग्रेस पार्टी से जोड़ा जाएगा।



### महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विवि ने प्राप्त की उपलब्धि

**कैथल।** महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, कैथल जिले का नूतन स्थापित हरियाणा का एकमात्र संस्कृत विश्वविद्यालय है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रमेश चन्द्र भारद्वाज के दिशा निर्देश में विश्वविद्यालय निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है । इनके पास प्रचुर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक अनुभव है, जिसका लाभ विश्वविद्यालय को मिल रहा है। इनके दिशा निर्देशन में योग विभाग के विद्यार्थियों ने 48वीं राष्ट्रिय योग प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 19-23 मार्च को कलकत्ता में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में राम गोस्वामी ने प्रोफेशनल एज ग्रुप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। भविष्य ने आर्टिस्टिक पेयर में रजत पदक, रिदमिक पेयर में रजत पदक एवं ग्रुप योग डांस में कांस्य पदक हासिल किया गया। योग विभाग के विद्यार्थियों के द्वारा राष्ट्रिय स्तर पर प्राप्त इस उपलब्धि के लिए माननीय कुलपति महोदय जी ने विश्वविद्यालय में सभी पदक विजेता छात्रों का सम्मान किया एवं योग विभाग के आचार्य डॉ. देवेन्द्र सिंह को बधाई दी। जिनके दिशा निर्देश में छात्रों ने अपना उत्तम परिणाम हासिल किया।

## खेत मजदूरों का सशक्तीकरण धर्मनिरपेक्ष-लोकतांत्रिक, समाजवादी व्यवस्था व संगठित आंदोलन से ही संभव : डॉ विक्रम सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** डा. विक्रम सिंह अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के सम्मेलन को संबोधित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

खेत मजदूरों का सशक्तीकरण धर्मनिरपेक्ष-लोकतांत्रिक, समाजवादी व्यवस्था व संगठित आन्दोलन से ही सम्भव है। यह बात अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन की शहीद भगत सिंह भवन कैथल में आयोजित राज्य स्तरीय कन्वेंशन में बोलते हुए संगठन के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव डॉ.विक्रम सिंह ने कही। उन्होने ने एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा पिछले साल 5,563 खेत मजदूरों ने आत्महत्या की थी। वर्ष 2014 से लेकर अब तक 40,685 खेत मजदूर आत्महत्या करने पर मजबूर हुए हैं। ऐसा क्यों हो रहा हैं? उन्होने कहा भाजपा शासन के समय में नव उदारीकरण की नीतियों को तेजी गति के साथ लागू किया जा रहा है। मजूदरों को भाजपा शासित राज्यों उत्तर प्रदेश,गुजरात में 241.9 रुपए,मध्यप्रदेश में 221.9 रुपए मिलते हैं जो की राष्ट्रीय औसत 345.7रुपए से भी कम मिलते हैं।

खेत मजदूर यूनियन के प्रदेश महासचिव प्रेम चंद ने कहा खेत मजदूर हासिये पर धकेला गया वो तबका है जो भूमिहीन है। घर बनाने के लिये खेत मजदूर व गरीब जमीन के एक टुकडे व अनुदान के लिये तरस रहा है। 2022 तक सबको घर बनाकर देने का सपना दिखाने वाली मोदी सरकार ने गरीबों को निराश ही किया है। जनकल्याणकारी योजनाओं में भारी भ्रष्टाचार व फैमिली आई डी ने लोगों को परेशानी में डाल दिया है। पहले चरण में जिला स्तरीय जनरल बॉडी मीटिंग व दुसरे चरण में ब्लॉक व इकाईयों की मीटिंग व तीसरे चरण में 1 मई से 20 मई तक जन अभियान चलाएगी। कन्वेंशन की अध्यक्षता राज्य प्रधान जगमाल सिंह ने की व संचालन प्रेम चंद ने किया।



### भाजपा ने एक भी वायदा पूरा नहीं किया: अनीता ढुल

**राजौंद।** महिला कांग्रेस की महासचिव अनीता ढुल बड़सीकरी ने गांव तारागढ़ में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने दो करोड़ युवाओं को हर साल रोजगार नही दिया, पंद्रह लाख खाते में नहीं डाले, गरीबों को मकान नहीं दिए, किसानो को एमएसपी नही दिया, महिलाओं को सुरक्षा नहीं दी ऐसे अनेकों वायदे जो पिछले दस साल पूरे करने मे भाजपा सरकार असफल रही है। उन्होंने बताया कि की गांव डोर टू डोर में लोगो ने कहा कि हमारे शिक्षित बच्चो के पास कोई रोजगार नही है। जिस कारण हम बच्चों को अपनी संपति बेचकर युवा शिक्षित बच्चो को विदेश भेजने को मजबूर है। अनीता ढुल ने कहा कि अब समय आ गया है कि इस लोकसभा चुनाव में वोट की चोट से इस भाजपा को सत्ता से बाहर करे ताकि केंद्र में इण्डिया गठबंधन की सरकार बन सके और हमको इनके जूठे जुमलो से छुटकारा मिल सके। इस दौरान उनके साथ मोदु नंबरदार, दलबीर सिंह, धन्नाराम,रामपाल मैनेजर,लेखराज ठेकेदार, सुखपाल शर्मा, नरेश रफड़िया रहे।

**इंडिया गठबंधन प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने की प्रेसवार्ता**

# किसानों को पूंजीपतियों का गुलाम बनाना चाहती है भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी


कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता पूंडरी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने मंगलवार को पूंडरी के पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता की। इससे पूर्व भारतीय किसान यूनियन (मान गुट) के युवा प्रदेश अध्यक्ष राजीव आर्य अपने 100 से ज्यादा समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। राजीव आर्य के साथ गुरमेल सिंह, गुरमीत पंवार, हनी कसाना, अनिल पंवार, विजय और भीम सिंह ने आम आदमी पार्टी ज्वाइन की। वहीं गांव जाजनपुर में रामफल फौजी के मार्गदर्शन में जजपा, इनेलो और भाजपा को छोड़कर सुखवीर सिंह, रोहताश मेहरा, अमित, बिंदु सिंह, हिमांशु राजरावन, संदीप, मनीष सैनी, बाली सिंह और सुरेंद्र मेहरा ने आम आदमी पार्टी का दामन थामा। इस मौके पर पूर्व विधायक सुल्तान सिंह जाडौला, सतबीर भाना, देवेंद्र हंस, प्रदीप चौधरी, ओमप्रकाश गुर्जर, बलकार सिंह, कंवरपाल करोड़ा, सतपाल, महेंद्र झांबा, सुरेश रोड़, ईशम सिंह, स्वामी कृष्णनंद, सोनिया शर्मा और सुनीता मौजूद रहे। इसके बाद डॉ. सुशील गुप्ता ने पूंडरी विधानसभा के गांव एवं वार्ड में चुनावी यात्रा शुरू की।

डॉ. सुशील गुप्ता ने अपनी चुनावी यात्रा गांव बेगपुर से शुरू की। इसके बाद वे गांव जडौला में लोगों से मिले। वहां से जाजनपुर में ग्रामीणों से रूबरू हुए। इसके बाद गांव पबनावा में पहुंचे। यहां से गांव चंदलाना, कौल और साकरा पहुंचकर लोगों को संबोधित किया और आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों और महिलाओं का आशीर्वाद लिया और /"इंडिया/" गठबंधन को भारी बहुमत से जिताने की अपील की। यात्रा का समापन देर शाम गांव आंहू में हुआ।



### सरकार लागू कर रही जनविरोधी नीतियां : शिवचरण

**राजौंद।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की ब्लॉक स्तरीय कन्वेंशन गुरु बाल्मीकि आश्रम के प्रांगण में की गई। इसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान कपिल सिरोही मंच संचालन ब्लॉक सचिव रोहताश ने किया। मुख्य वक्ता शिवचरण जिला प्रधान एसकेएस ने कहा केंद्र व राज्य सरकार लगातार जनविरोधी नीतियों को लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि निजीकरण पर रोक लगाने,कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने, पुरानी पेंशन बहाल करने,वेतन विसंतियां दूर करने, बिना किसी शर्त एक्सग्रेसिया पॉलिसी लागू करने व हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग करके खाली पदों पर स्थाई भर्ती करने आदि कर्मचारियों की मुख्य मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि अतिशीघ्र इन सभी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो आने वाले समय में सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। इस दौरान नगर पालिका कर्मचारी संघ के ब्लॉक प्रधान संदीप कुमार, स्वास्थ्य विभाग से विनोद, होशियार सिंह,सुरेंद्र, डोर टू डोर ब्लॉक प्रधान कृष्ण,सुरेश, बंटी,सूबे सिंह, जोगिंदर, संदीप,सोनू,अनिल सहित कई अन्य सदस्य मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, संतरो पत्नी स्व. श्री सुभाष निवासी भागखेड़ा तह. व जिला जीन्द बयान करती हूं कि मेरा पुत्र विकास कुमार अपनी पत्नी के साथ अलग रहता है और मेरा पुत्र विकास कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खरैंटी गांव में 128 सुखे कीकर के पेड़ों की दिनांक 19.04.2024 को प्रातः 11.00 बजे बोली आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएंगी। इच्छुक बोलीदाता समय पर पहुंच कर बोली का लाभ उठाएं।

**हस्ता/-सरपंच,**
**ग्राम पंचायत खरैंटी,**
**जिला जीन्द (हरियाणा)**

## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर किशोरी का अपहरण

**कैथल।** चीका थाना के तहत आने वाले एक गांव से एक आरोपी शादी का झांसा देकर किशोरी का अपहरण कर ले गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी कि एक अप्रैल को गांव से ही एक आरोपी 13 साल सात महीने की बेटी को शादी का झांसा देकर अपहरण कर ले गया।

### शादी में गए दो युवकों पर हमला कर किया घायल

**जींद।** गांव धमतान साहिब शादी में गए दो युवकों पर कुछ लोगों ने हमला कर घायल कर दिया। गढ़ी थाना पुलिस ने घायल युवकों की शिकायत पर अज्ञात तीन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव कौथ कलां निवासी अजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने दोस्त की शादी में गांव धमतान साहिब गया हुआ था।

### चोरों ने मकान से सोना-चांदी के जेवरात चुराए

**कैथल।** मॉडल टाउन स्थित एक मकान से चोर सोना-चांदी के गहने चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। टाउन निवासी सुखविंद्र सिंह ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि 31 मार्च को रात के समय अज्ञात आरोपी उनके घर का ताला तोडकर सोना व चांदी के गहने चोरी कर ले गए। गहनों की कीमत दो लाख 22 हजार 500 रुपये है। पुलिस जांच कर रही है।

### साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम 25 को

**गुहला-चीका।** एसपी उपासना ने बताया कि हरियाणा राज्य महिला आयोग की ओर से महिला महाविद्यालय गुहला-चीका में 25 अप्रैल को कानूनी एवं साईबर क्राईम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में छात्राओं को विषय विशेषज्ञ द्वारा विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

### यौन उत्पीड़न रोकथाम निषेध कमेटी गठित

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के निर्देशानुसार कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकथाम निषेध और निवारण अधिनियम की अनुपालन में प्रतिष्ठान से यौन उत्पीड़न की शिकायत प्राप्त करने के लिए एक स्थानीय शिकायत समिति और आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया गया है। जिले में कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न निषेध है।

### 350 ग्राम चरस के साथ दो नशा तस्कर काबू

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने गांव अमरहेड़ी के निकट बाईपास अप्रोच रोड पर दो लोगों को काबू कर उनके कब्जे साढ़े 300 ग्राम चरस बरामद की है। सदर थाना पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपितो से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव अमरहेड़ी के निकट बाईपास अप्रोच रोड पर दो व्यक्ति नशीले पदार्थों के साथ खडे.हुए हैं। जो नशे का स्पलाई करने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस कर्मियों ने कार्रवाई करते हुए दोनों को काबू कर लिया। तलाशी ली गई तो 100 ग्राम चरस बरामद हुई।

## 15 अप्रैल तक कर सकेंगे आवेदन, 18 को निकाला जाएगा ड्रॉ

# शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में दाखिले को लेकर शेड्यूल जारी

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्राइमरी अध्यापकों के लिए शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए आठ अप्रैल से चार दिवसीय प्रशिक्षण लगाए जाएंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय। *फोटो : हरिभूमि*

शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (आरटीई) के तहत मौलिक शिक्षा विभाग द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में नर्सरी से पहली कक्षा में मुफ्त दाखिले का शेड्यूल जारी कर दिया है। आवेदन की प्रक्रिया रविवार से शुरू हो गई है और यह 15 अप्रैल तक चलेगी। 18 अप्रैल को दाखिले का पहला लक्की ड्रॉ निकाला जाएगा। इसके बाद पहले ड्रॉ में शामिल बच्चों के 22 अप्रैल तक दाखिले होंगे। वहीं पहले ड्रॉ में शामिल बच्चों के दाखिले नहीं होने पर खाली सीटों पर दाखिले की प्रक्रिया 23 से 29 अप्रैल तक पूरी की जाएगी। शिक्षा विभाग की ओर से जारी पत्र के अनुसार मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में आरटीई नियम 2011 के तहत नर्सरी से पहली कक्षा तक के विद्यार्थियों को कक्षावार 25 प्रतिशत सीटों पर मुफ्त दाखिले का प्रावधान किया गया है। 1.80 लाख रुप;ह्य से कम सालाना आमदनी वाले परिवारों के बच्चों को इन सीटों पर आवेदन का अधिकार है। इस श्रेणी में आने वाले अभिभावक अपने बच्चों के मुफ्त दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस योजना में अभिभावक उसी स्कूल में आवेदन कर सकते है जिनकी घर से दूरी एक किलोमीटर है। आरटीई के तहत दाखिला लेने के लिए परिवार की सालाना आमदनी एक लाख 80 हजार से कम का प्रमाणपत्र, परिवार पहचान पत्र, बीपीएल कार्ड है तो उसकी कॉपी,

**दाखिले की आयु सीमा**

| कक्षा का स्तर | 31 मार्च 2024 तक आयु सीमा |
|---|---|
| प्री नर्सरी | तीन से साढ़े पांच साल |
| प्री प्राइमरी, यूकेजी | चार से साढ़े छह साल |
| कक्षा प्रथम | पांच वर्ष छह मास से अधिक |

दाखिले के लिए यह दस्तावेज हैं जरूरी

बच्चे का जन्म प्रमाणपत्र और फोटो एवं परिजनों का फोन नंबर अनिवार्य है। खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र हुड्डा ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत दाखिला लेने के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पात्र अभिभावक 15 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। इसके पश्चात 18 अप्रैल को पहला ड्रॉ निकाला जाएगा।

### अध्यापकों के लगेंगे कैंप

निपुण हरियाणा मिशन के तहत प्रदेश के सभी प्राइमरी अध्यापकों के लिए शैक्षणिक वर्ष 2023.24 के लिए आठ अप्रैल से चार दिवसीय प्रशिक्षण लगाए जाएंगे। यह शिविर राजकीय माध्यमिक विद्यालय या बीआरसीए सीआरसी में आयोजित होंगे। इस प्रशिक्षण शिविर में वर्ष 2023-24 के लिए निपुण हरियाणा मिशन कार्यक्रम के तहत विस्तारीकरण होगा। आठ अप्रैल से शुरू होंगे। शिक्षा निदेशालय ने डीपीआईयू और बीपीआईयू को निर्देश दिए हैं कि सभी शिक्षा खंडों में अध्यापकों के लिए ऑनलाइन ऑप्शन के लिए गुगल फार्म बना कर सांझा किया जाए ताकि प्राइमरी अध्यापक अपनी रूचि अनुसार प्रशिक्षण तिथि या बैच का चुनाव कर सके। कार्यशाला आयोजित करने वाले विद्यालयों में बैठने की उचित व्यवस्था तथा प्रोजेक्टर अथवा स्मार्ट टीवी की व्यवस्था होना बेहद आवश्यक है। क्योंकि कार्यक्रम में उच्च अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्राइमरी अध्यापकों के लिए शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए आठ अप्रैल से चार दिवसीय प्रशिक्षण लगाए जाएंगे। यह शिविर राजकीय माध्यमिक विद्यालय या बीआरसीए सीआरसी में आयोजित होंगे। प्रत्येक बैच में दो की रिसार्स पर्सन (केआरपी) अध्यापकों को प्रशिक्षण देंगेए जिनको विभाग ने मार्च महीने में प्रशिक्षित किया था।



### पूंडरी के विधायक को भाजपा फ्लोर टेस्ट के लिए इस्तेमाल करती है : डॉ. सुशील गुप्ता

**पूंडरी।** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डा. सुशील गुप्ता ने कहा कि पूंडरी के विधायक को भाजपा फ्लोर टेस्ट के लिए इस्तेमाल करती है। विधायक के पास किसी भी प्रकार की पावर नहीं है। पूंडरी में विकास की बजाए विनाश करवा दिया है। डा. सुशील गुप्ता पूंडरी कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहली बार हो रहा है, जब चलते चुनाव में दो-दो वर्तमान मुख्यमंत्रियों को भाजपा सरकार ने जेल में डालने का काम किया है। सरकार ने लोकतंत्र का गला घोंट दिया है। देश में भाजपा चाहती है कि चुनाव न करवाए जाए। इंडिया गठबंधन इनके मनसूबों पर पानी फेर रहा है, प्रभु श्रीराम उनके साथ है। कृषि कानून से सरकार अपने मित्र अडाणी को फायदा पहुंचना चाहती, लगभग 750 किसानों ने अपनी शाहदत देकर उन्हें रद्द करवाया। सरकार अडाणी की वजह से मंडियों को बंद करना चाह रही है। गठबंधन के सतबीर भाणा, पंडित कवंरपाल करोड़ा, बलकार पूंडरी, प्रदीप चौधरी, रामचंद्र गुर्जर, भूप सिंह सैनी आदि मौजूद रहे।



### बिरथे बाहरी के 30 विद्यार्थियों ने लिया 9वीं में दाखिला

**राजौंद।** शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार के कार्यक्रम प्रवेश उत्सव के दौरान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीर बांगडा में मंगलवार को गांव बिरथे बाहरी के 30 विद्यार्थियों ने कक्षा 9वीं में दाखिला लिया।नवागंतुक छात्र-छात्राओं का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य सुरेंद्र कुमार गुप्ता ने किया। प्राचार्य ने इन सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय के अनुशासन तथा विद्यालय की सुविधाओ के बारे में बताया तथा उन्हें रोजाना स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। इन छात्र-छात्राओं को साथ लेकर राजकीय माध्यमिक विद्यालय बिरथे बाहरी के हेडमास्टर रामनिवास, जसवीर एवं कुसुम लता आए। विद्यालय पहुंचने पर इन सभी स्टाफ सदस्यों का तथा सभी नवआगंतुक बच्चों का राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के स्टाफ ने स्वागत किया ।

### 88 विद्यार्थियों ने दिया एप्टीटयूड टेस्ट

**गुहला-चीका।** राजकीय बहुतकनीकी चीका मे सोलिटेयर इनफोसिस मोहाली ने दूसरे व चौथे सेमेस्टर के विद्यार्थियों को औद्यागिक प्रशिक्षिण के संबंध में मूलभूत जानकारियां दी। सोलिटेयर इनफोसिस मोहाली शाखा प्रमुख जसप्रीत सिंह ने विद्यार्थियों को औद्योगिक प्रशिक्षण के शेडयूल और विभिन्न कोर्स के अंतर्गत पाठ्यक्रम की विस्तार से चर्चा की और अंत में विद्यार्थियों को भविष्य में होने वाली परिक्षाओं के लिए तैयार करने हेतु विद्यार्थियों का एप्टीटयूड टेस्ट करवाया। इस एप्टीटयूड टेस्ट में 88 विद्यार्थियों ने भाग लिया। संस्थान के रोजगार एवं प्रशिक्षण अधिकारी हिमांशु गुप्ता एवं सह अधिकारीगण अंजु रानी एवं ज्योति शर्मा द्वारा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।



### देवीलाल पार्क मे नंबरदारों की बैठक संपन्न

**गुहला-चीका।** नंबरदारी का पद एक महत्वपूर्ण पद होता है, जिसे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर समझा जाता है नंबरदार शासन प्रशासन व जनता के बीच एक पल का काम करते हैं नतीजतन नंबरदारों को अपने पद की मयार्दा के अनुरूप कार्य करना चाहिए। उक्त विचार नंबरदार एसोसिएशन के प्रधान अधिवक्ता जीवन सिंह नैन ने ताऊ देवीलाल पार्क में नंबरदारों की एक बैठक को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा हरियाणा सरकार में बदलाव आया है, ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह अपने पूर्ववर्ती फैसले का आंकलन करे, जिसमें सरकार द्वारा एक पत्र जारी किया गया था, जिसमें 75 वर्ष से ऊपर के नंबरदारों को हटाने का निर्देश दिया गया था व 60 वर्ष की उम्र पार कर चुके नंबरदारों का मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट मांगा गया था और नए नंबरदारों की नियुक्ति पर रोक भी लगाई गई थी।

## चुनाव की गंभीरता को ध्यान में रख ड्यूटी करें बीएलओ

- सुपरवाइजर ने बीएलओ की मीटिंग कर चुनाव की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका


**गुहला-चीका।** भागल सरकारी स्कूल में बीएलओ की मीटिंग कर चुनाव संबंधी जानकारी देते हुए सुपरवाइजर राजा सिंह झींजर। *फोटो : हरिभूमि*

चुनाव से जुड़े सभी कार्य राष्ट्रीय महत्व के कार्य हैं जिनमें समाज के हर व्यक्ति की सहभागिता जरूरी है। यह विचार खंड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश ने चुनाव संबंधी ड्यूटी दे रहे बीएलओ एवं सुपरवाइजर्स कर्मचारियों को कहे। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्य की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर अपने चुनाव कार्य को प्राथमिकता दें। बीईओ ओम प्रकाश ने कहा कि सभी स्कूलों में अध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों को मतदान के महत्व की पूर्ण जानकारी दी जाए ताकि वह घर जाकर अपने परिवार व पास पड़ोस के लोगों को वोट और मतदान के लिए जागरुक कर सके। सुपरवाइजर प्राध्यापक राजा सिंह झींजर ने स्कूल में बीएलओ की मीटिंग के दौरान कहा कि देश को एक संगठित एवं मजबूत सरकार प्रदान करने में मतदाताओं की अहम भागीदारी रहती है। उन्होंने कहा कि स्वीप कार्यक्रमों द्वारा मतदान के प्रति लोगों की मानसिक भ्रांतियां दूर हो सकती हैं। सुपरवाइजर झींजर ने कहा कि माननीय जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला उपयुक्त के मार्गदर्शन तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम गुहला कृष्ण कुमार एचसीएस के कुशल नेतृत्व में शत प्रतिशत मतदाता और शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य पर डोर टू डोर स्वीप कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं ताकि चुनाव आयोग के थीम 'चुनाव पर्व देश का गर्व' पूर्णतया सच हो सके। इस अवसर पर बीएलओ अध्यापक शीशपाल बंसल, बलजीत सिंह, बलकार सिंह, राजेश कुमार, संदीप बलौडा,, सुरिंद्र पाल, सुभाष चंद्र, अनिल कुमार, राजेश पॉल, प्रीतपाल आदि मौजूद रहे।



### बेटी नैतिक बनवाला ने बाक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर किया प्रदेश का नाम रोशन

**पूंडरी।** हल्के के गांव करोड़ा की बेटी नैतिक बनवाला ने सब जूनियर नैशनल बाक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मैडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। मैडल जीतने पर नैतिक, उसके पिता रणदीप, परिवारजनों व समस्त ग्रामीणों को बधाई देते हुए कांग्रेस नेता पंडित कंवरपाल करोड़ा ने कहा कि कैथल जिले व अपने गांव करोड़ा के लिए ये बड़ी खुशी की खबर है कि गांव करोड़ा की बेटी नैतिक बनवाला ने सब जूनियर नैशनल बाक्सिंग चैंपियनशिप में हरियाणा की ओर से खेलते हुए गोल्ड मेडल जीता है और अपने हरियाणा प्रदेश, कैथल जिले, अपने गांव व अपने परिवार का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। खेलो में राष्ट्रीय व अंर्तराष्ट्रीय स्तर पर मैडल जीतकर और पढ़ाई में मैरिट प्राप्त करके अपनी प्रतिभा का लोहा बखूबी मनवा रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी अभिभावकों को बेटियों को पढने, आगे बढने के समान अवसर देने चाहिए।

## मांगों को लेकर आढ़तियों ने दिया धरना

- आढ़तियों के कमीशन को घटाने पर सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना


**जुलाना।** अनाजमंडी में आढ़तियों की मांगों का समर्थन करते हुए कांग्रेस नेता रोहित दलाल। *फोटो : हरिभूमि*

जुलाना कस्बे की अनाजमंडी में मांगों को लेकर आढ़तियों ने धरना दिया। धरने की अध्यक्षता आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान कैलाश सिंगला ने की। धरन में आढ़तियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए रोष प्रकट किया। आढ़तियों को संबोधित करते हुए कैलाश सिंगला ने कहा कि सरकार आढ़तियों के साथ अन्याय कर रही है। लगातार आढ़तियों का कमीशन घटा कर आढ़तियों के हितों के साथ कुठाराघात किया जा रहा है। सरकार जिस फसल को एमएसपी पर खरीद रही है वो आढ़ती के माध्यम से खरीदारी की जाए। आढ़तियों की मांग है कि पुराने तरीके से ही आढ़तियों को कमशीन दिया जाए। जब तक उनकी मांगों को नही माना जाता तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। आढ़तियों को कांग्रेस नेता रोहित दलाल ने समर्थन दिया। रोहित दलाल ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों के चलते हर वर्ग को संर्घष करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। किसान, व्यापारी, मजदूर व कर्मचारी आज भाजपा की नीतियों के चलते सड़कों पर उतर कर सरकार के खिलाफ जंग छेड़े हुए है लेकिन सरकार को किसी भी वर्ग के हितों से कोई सरोकार नही है। आने वाले चुनावों में प्रदेश की जनता भाजपा को बाहर का रास्ता दिखाने का काम करेगी। इस मौके पर राजपाल लाठर, बलबीर बल्हारा, राजेंद्र सिंगला, गीताराम, राममेहर, जगबीर ढिगाना, विक्रम मलिक आदि मौजूद रहे।

### सात को नंदगढ़ में होगी सर्व जातीय महापंचायत

**जुलाना।** नंदगढ़ के स्कूल में सर्व जातीय महा पंचायत का आयोजन सात अप्रैल को किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर गांवों में लोगों को निमंत्रण दिए जा रहे हैं। नंदगढ़ गांव समाजसेवी अजित ने बताया कि सात अप्रैल को नंदगढ़ गांव में सर्व जातीय महापंचायत का आयोजन किया जाएगा जिसमें किसान नेता रमेश दलाल को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के गांव में लोगों को निमंत्रण दिए जा रहे हैं। ग्रामीणों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। रमेश दलाल ने जुलाना क्षेत्र में एनएच 152डी के भुमि अधिग्रहण के आंदोलन में अहम भूमिका निभाते हुए जमीन के कलैक्टर रेट को बढ़वा कर किसानों को उनका हक दिलाने का काम किया था। अब जुलाना क्षेत्र के किसान एक सर्व जातीय महापंचायत कर उन्हें सात अप्रैल को सम्मानित करेंगे।

## स्कूलों का किया निरीक्षण, मिड-डे मील बनाने वाली महिलाओं से की बात

# एसडीएम ने मिड-डे मील की गुणवत्ता को जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


**जींद।** मिड-डे मील बनाने वाली महिलाओं से बातचीत करते हुए एसडीएम राकेश।

एसडीएम राकेश सैनी ने उपमंडल के लगभग आधा दर्जन स्कूलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मिड-डे मील योजना के तहत विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को जांचा। एसडीएम राकेश सैनी ने मंगलवार को कंडेला गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल से अपना निरीक्षण दौरा शुरू किया। इसके बाद उन्होंने राजकीय माध्यमिक स्कूल कंडेला, राजकीय प्राथमिक स्कूल जीतगढ़, राजकीय हाई स्कूल रूपगढ़, राजकीय प्राथमिक पाठशाला कैरखेड़ी तथा अहिरका गांव के स्कूल में पहुंच कर मिड-डे मील योजना के तहत विद्यार्थियों को दिए जाने वाले दोपहर के भोजन की गुणवत्ता को जांचा। इस दौरान उन्होंने स्कूल के स्टाफ व मि-डे मिल का भोजन बनाने वाली महिलाओं से बातचीत की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए भोजन बनाते समय साफ.-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। भोजन की शुद्धता व गुणवत्ता के मामले में कोई भी कमी न रहने दी जाए। योजना के तहत दिए जाने वाली सामग्री को पहले ही साफ करके रखें तथा स्टोर किए जाने वाली खाद्य सामग्री को भी ढक कर रखे। उन्होंने विशेष तौर पर हिदायत देते हुए कहा कि भोजन बनाते समय हमेशा मीठे व साफ पानी का ही प्रयोग करें । मेन्यू के अनुसार ही भोजन बनाएं ताकि संतुलित आहारयुक्त भोजन बच्चों के लिए स्वास्थ्यवर्धक हो। उन्होंने संबधित कर्मचारियों को भी निर्देश दिए कि मिड-डे मील का रिकॉर्ड भी दुरुस्त रखें। उन्होंने विद्यार्थियों से भी मिड-डे मील की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि भोजन को बना कर सबसे पहले स्वयं चख कर उसकी गुणवत्ता के बारे में जांच कर लें। उसके बाद ही भोजन बच्चों को परोसे। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी सामान की जरूरत हो तो उसकी सूचना संबंधित कर्मचारी को पहले ही दे दें ताकि समय पर सभी प्रकार की सामग्री उपलब्ध हो सकें। स्कूल स्टाफ को निर्देश दिए कि स्कूल में पीने का साफ पानी, शौचालय की साफ-सफाई बिजली व अन्य जरूरी कार्यों की व्यवस्था को देखा।

## नेकी की दीवार संस्था के द्वारा आयोजित कैंप में 80 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका




शहर की प्रमुख समाजसेवी संस्था ह्यनेकी की दीवारह्न द्वारा आज यहां एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन नपा के पूर्व चेयरमैन ओम प्रकाश ने किया रक्तदान कैंप में लगभग 80 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर लोगों को सम्बोधित करते हुए ने कहा कि हम रक्तदान के जरिए समाज को अपना अमूल्य योगदान दे सकते हैं नतीजतन रक्तवीरों का यह छोटा सा प्रयास किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति के लिए जीवन का कारण बन सकता है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर हमें इसकी अहमियत नहीं महसूस होती, परमात्मा करे कि किसी को इसकी जरूरत भी ना पड़े.लेकिन जब आपको अपने किसी प्रियजन की जान बचाने के लिए खून की आवश्यकता होती है, तो रक्तदाता भगवान की तरह लगता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष में कम से कम एक बार अवश्य रक्त दान करना चाहिए क्योंकि यह एक पुण्य होने के साथ-साथ रक्तदान देने वाले व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए भी काफी लाभदायक है। सुशीला शर्मा, संस्थापक प्रधान सागर भारद्वाज, उप प्रधान दिनेश पंडित, सचिव अनिरूद्ध राय, मोनू कुमार, गुरदीप सिंह कैथल, संजीव चीका, चरणजीत आदि मौजूद रहे।